हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025

11 क्रिश्चियन समाज ने कैंडल जलाकर प्रभु यीशु ....



12 जो बोले सो निहाल के जयकारों के साथ ...



जरूरतमंद लोग होंगे लाभान्वित

## प्रयास संगठन ने जरूरतमंदों के लिए 10वें वर्ष सजाई खुशियों की दीवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

समाज सेवी प्रेम प्रकाश सोनी ने कहा कि जरूरतमंदों की हर संभव सहायता करना अब भारतीयों की नियती बन चुकी है। प्रयास संगठन द्वारा पिछले दस वर्षों से जरूतमंदों के लिए सजाई जाने वाली खुशियों की दीवार कार्यक्रम समाज में सहयोग और समानता का सामंजस्य है। जिससे काफी जरूरतमंद लोग लाभान्वित होते हैं।

वे गुरुवार को स्थानीय अनाज मंडी परिसर में प्रयास संगठन द्वारा शुरू किए गए खुशियों की दीवार कार्यक्रम का शुभारंभ कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन सुभाष सैनी ने की। जरूरतमंदों को कंबल व शॉल वितरण के करते हुए सोनी ने कहा कि हमें अपने सामर्थ्य अनुसार समाज का सहयोग चाहिए। किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाना बहुत पुण्य का कार्य होता है। उन्होंने प्रयास संगठन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि खुशियों की दीवार अपने आप में अनूठा प्रयास है। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका के प्रधान प्रदीप तायल व मार्के कमेटी के वाइस चेयरमैन सुभाष सैनी ने कहा कि हमें खुशियों की दीवार पर अपने घरों में रखा आवश्यकता से अधिक सामान भेंट करना चाहिए जिससे कि जरूरतमंद लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। संगठन के संस्थापक मास्टर पवन स्वामी, प्रधान महेंद्र कथूरिया व डॉक्टर उमेद जांगिड़ ने बताया कि खुशियों की दीवार के माध्यम से लोहारू के साथ-साथ अन्य जगहों पर भी जरूरतमंद को वस्त्र उपलब्ध करवाए जाएंगे। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के प्रधान धनपत सैनी, नगर पालिका उपप्रधान प्रतिनिधि विपिन सैनी, पार्षद अशोक सैनी, संतलाल, अजय शर्मा, राहुल केडिया, अंतर सिंह, पार्षद प्रतिनिधि अश्वनी सैनी, पार्षद प्रतिनिधि नरेश बड़सीवाल और अजय शर्मा ने खुशियों की दीवार पर पहुंच कर खुशियां बांटी।




### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर व्यापार मंडल के सचिव संजय खंडेलवाल, महेश शर्मा, महेश तनेजा, मास्टर प्रवेश श्योराण वर्मा, सुनील शर्मा, रविंद्र कस्वां, सीए सुधीर केडिया, सीए विपिन अग्रवाल, अजय दहिया, रामपाल नकीपुर आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

प्रशिक्षिका सोनिका को दी बधाई

## गांव अलखपुरा में उप कुलपति ने किया बेटियों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

फुटबॉल क्लब अलखपुरा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विजेता फुटबॉल खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, इस सम्मान समारोह में बेटियां देश की शान फाउंडेशन का भी प्रमुख सहयोग रहा, इस सम्मान समारोह में राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न फुटबाल प्रतियोगिताओं में शामिल बेटियों को सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सीबीएलयू के खेल निदेशक डॉ. सुरेश मलिक, मुख्य अतिथि के रूप में सीबीएलयू की उप कुलपति प्रोफेसर डॉ. दीप्ति धर्माणी उपस्थित रहीं।

उन्होंहे उपस्थित बेटियों को सम्मानित करने के उपरांत कहा कि जिले की खिलाड़ी बेटियों के लिए यूनिवर्सिटी में अनेक अध्यापन व तकनीकी कोर्स में हर सम्भव मदद की जाएगी। डॉ.धर्माणी ने अलखपुरा ग्राउंड की मुख्य फुटबॉल प्रशिक्षिका सोनिका बिजारनिया को बधाई देते हुए कहा कि इस परकार का खेल माहौल यदि समस्त देश में हो तो निसंदेह ओलंपिक में भारत अनेक पदक प्राप्त कर सकता है। सीबीएलयू खेल निदेशक डॉ. सुरेश मलिक ने बताया कि खेल के प्रति सदैव युनिवर्सिटी की ओर से किसी भी प्रकार की कोई भी कमी नहीं आने दी जाएगी।



बवानीखेड़ा। छात्राओं को संबोधित करती सीबीएलयू की कुलपति दीप्ति धर्माणी।

### ये रहे मौजद

इस अवसर पर ग्राउंड अलखपुरा स्टाफ के साथ सरपंच राजदीप समोता, संजय चौहान, मास्टर प्रकाश जाखड़, योग कोच गजानंद कौशिक अलखपुरा क्लब प्रधान सुरेश जाखड़, राजेश हवलदार बड़सरा, मनदीप जाखड़, नर्सरी कोच बनिता राय, कोच पूनम यादव, मनीष लांबा, सोमदत्त मिठारवाल, दलेल सिंह, शेर सिंह, महेंद्र कुड़ी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सांसद कुमारी शैलजा 28 को आएंगी भिवानी

**भिवानी।** भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं 36 बिरादरी की एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही कांग्रेस की सद्भावना यात्रा के दूसरे चरण की पूर्णता के उपलक्ष्य में यात्रा में सक्रिय सहयोग करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं यात्रियों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन 28 दिसंबर को एसके रिजॉर्ट में किया जाएगा। सम्मान समारोह में बतौर मुख्यतिथि सिरसा से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा शिरकत करेंगी।

### विक्रम बने हरियाणा प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष

**बाढड़ा।** नेशनल सेवा दल संगठन ने विक्रम हरियाणा को हरियाणा प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। विक्रम हरियाणा ने अपनी नियुक्ति पर उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद प्रफुल्ल पटेल, राष्टीय अध्यक्ष श्री अनूराग दीपक सहित नेशनल सेवा दल के हाईकमान का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद जावेद ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दीं। विक्रम ने कहा कि जल्द ही हरियाणा के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी।

# खनन बंद होने से भवन निर्माण सामग्री के दामों ने छुआ आसमान

## ग्रेप के चलते खानक के पहाड़ों में खामोशी, क्रेशर के दाम 10 फीसदी बढ़े

■ क्रेशर का भाव 1000 से 1100 रुपये प्रति टन और रोड़ी का भाव 900 से 1000 रुपये प्रति टन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण के स्तर के कारण पिछले कई दिनों से लागू ग्रेप के चलते तोशाम क्षेत्र में हजारों लोगों की रोजी-रोटी का माध्यम खनन कार्य बंद पड़ा है। जिसके चलते क्षेत्र के पहाड़ों पर खामोशी छाई हुई है और बाजार में भवन निर्माण सामग्री के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में खनन के माध्यम से अपनी रोजी-रोटी चलाने वाले लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है और हजारों मजदूर, गाड़ी चालक, क्रेशर संचालक आदि खनन बंद होने के पश्चात विकट परिस्थिति में है और पल-पल खनन कार्य शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं।

पिछले काफी दिनों से ग्रेप लागू होने पर तोशाम क्षेत्र की खनन नगरी का पूरा इलाका अब शांत है। जिसके कारण खनन और क्रशर इकाइयां पूरी तरह बंद हैं। खनन के दौरान पहाड़ तथा क्रेशर इकाइयों में सुनाई देने वाली खनन की आवाज पूरी तरह से शांत हो गई है और खनन नगरी में चारों तरफ पहाड़ों सहित क्रशर इकाइयों में सन्नाटा छाया हुआ है और क्रेशर इकाइयां पूरी तरह से सुनसान नजर आ रही है।



तोशाम। खनन नगरी गांव खानक में बंद पड़ी क्रेशर इकाई। फोटो : हरिभूमि

### हजारों लोगों की रोजी-रोटी पर असर...

खनन कार्य ठप होने से करीब 10 हजार से अधिक मजदूर, डंपर चालक, क्रेशर कर्मचारी और ठेकेदार प्रभावित हो रहे हैं। खनन बंदी से डंपर मालिकों के सामने सबसे बड़ी समस्या किश्तें चुकाने की खड़ी है। वहीं मजदूरों को दिन-प्रतिदिन रोजमर्रा के खर्च की चिंता सता रही है। डंपर मालिक व चालकों ने बताया खनन रुकते ही काम बंद हो जाता है। गाड़ियों की किश्तें और घर का खर्च दोनों संभालना मुश्किल हो जाता है। दूसरी तरफ पहाड़ में खनन कार्य बंद होने पर तोशाम बाजार सहित आसपास के बाजार में भी असर दिख रहा है। क्योंकि पहाड़ में काम करने वाले हजारों लोगों की रोजी पर संकट मंडरा रहा है जिससे बाजार में भी खनन बंदी का असर स्पष्ट रूप से नजर आ रहा और बाजार मंदी के दौर से गुजर रहा है। वहीं भवन निर्माण सामग्री के दाम बढ़ने से निर्माण कार्यों की गति भी धीमी हो गई है। इन विकट परिस्थितियों में खनन से जुड़े सभी व्यक्ति जल्द से जल्द खनन शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं।

### भवन निर्माण हुआ महंगा

खनन बंद होने के पश्चात हर बार भवन निर्माण सामग्री की कीमतों में उछाल देखने को मिलता था। लेकिन अबकी बार तो क्रेशर के भाव आसमान छूने लगे हैं और भवन निर्माण सामग्री के भाव डेढ़ से दोगुने हो गए हैं। जिसमें क्रेशर का भाव 1000 से 1100 रुपये प्रति टन और रोड़ी का भाव 900 से 1000 रुपये प्रति टन तक पहुंच गया है। वहीं अन्य सामग्री के भाव भी बढ़ गए हैं। जिससे नए भवन का निर्माण करने वाले आमजन को निर्माण सामग्री के भाव करीबन दोगुने देने पड़ रहे हैं। ऐसे में आमजन के लिए भवन निर्माण करना बहुत महंगा हो गया है।

डीसी ने किया निरीक्षण

## दादरी जिले को अत्याधुनिक लघु सचिवालय भवन जल्द मिलेगा



भिवानी। लघु सचिवालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करते डीसी डॉ. मुनीश नागपाल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

चरखी दादरी जिलावासियों व प्रशासन को जल्द ही जिला स्तरीय लघु सचिवालय का आधुनिक भवन प्रशासन को मिलने जा रहा है। पांच मंजिला भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने भवन का दौरा कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और जरूरी दिशा निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि दादरी जिले में कई विभागों के कार्यालय उचित एवं समुचित स्थान उपलब्ध नहीं होने के कारण अलग अलग जगह पर संचालित किए जा रहे हैं, जिसकारण लोगों को सरकारी कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। नया एवं जिला स्तरीय लघु सचिवालय भवन जिला की प्रगति में अहम साबित होगा।

### भवन में होंगे सभी कार्यालय अंतिम चरण में निर्माण कार्य

सरकारी कार्यालय इसी भवन में संचालित किए जा सकेंगे, वहीं जिला के नागरिकों को भी काफी सुविधा होगी। उपायुक्त ने बड़ी बारिकी के साथ सभी मंजिलों के नक्शे को देखा और उसमें बलदाव करने को लेकर निर्देश दिए। विदित है कि घसौला रोड पर लगभग 24 एकड़ भूमि में जिला स्तरीय लघु सचिवालय और रिहायशी भवनों का निर्माण चल राग है। लघु सचिवालय भवन का निर्माण अंतिम चरण में है और अगले छः माह में रिहायशी भवनों का निर्माण कार्य पूरा होने की उम्मीद है। उपायुक्त के निर्देशों पर लघु सचिवालय भवन को इस प्रकार विकसित किया जा रहा है।

धोखाधड़ी: वकील सहित 10 पर केस दर्ज

## गोपी में कुछ लोगों की फर्जी वसीयत तैयार कर जमीन हड़पी

■ राजस्थान के रमेश कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

गोपी गांव के कुछ लोगों की फर्जी वसीयत तैयार कर पैतृक जमीन हड़पने के मामले में पुलिस ने कानूनगों, तात्कालिन पटवारी, नंबरदार व वकील सहित 10लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जैतपुर राजस्थान के रमेश कुमार ने पुलिस को शिकायत देकर कहा था कि उनके पूर्वजों की पैतृक सम्पति गांव गोपी तहसील बाढड़ा जिला चरखी दादरी में हैं। उपरोक्त पूरी जमीन वारीसान के हक में आनी थी लेकिनकुछ लोगों ने लोगों ने उसके पिता पूर्ण, चाचा सुबराम व उसकी दादी उन्नों देवी के नाम जमीन को उपरोक्त लोगों ने मिलीभगत करके योजनाबद्ध तरीके से फर्जी झूठी वसीयतनामा तैयार करके इन्तकाल नम्बर दर्ज करवा कर उनकी करोड़ों रूपये की पैतृक जमीन हड़प ली। जांच अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ने वसीयतनामा गांव गोपी फर्जी तैयार किया जाना पाया गया है।



लोहारू। लोहारू कस्बे में जुलूस निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

### हिंदुओं पर अत्याचार सहन नहीं करेंगे

**लोहारू।** हाल ही में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो अत्याचार और कथित रूप से एक हिंदु युवक को जिंदा जलाए जाने की घटना को लेकर युवाओं में काफी रोष देखने को मिल रहा है। गुरूवार को लोहारू में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद की तत्वाधान में शहर में बंगलादेश के पुतले के साथ युवाओं ने प्रदर्शन किया और घटना पर रोष जाहिर किया। बजरंग दल और विहिप के नेतृत्व में कमलेश भोड़का, अक्षय शास्त्री, पवन पीजी, सुनील पहाड़ी ने प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार को सहन नही किया जाएगा। इस मामले में केंद्र सरकार को कड़ा रुख अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस घटना को लेकर देश के हिंदुओं में काफी रोष है। उन्हें केंद्र सरकार से उम्मीद है कि वह बांग्लादेश सरकार के खिलाफ ठोस निर्णय लेगी। गुस्साए लोगों ने मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड, सूरजगढ रोड होते हुए प्रदर्शन किया और बांग्लादेश सरकार का पुतला जलाकर नाराजगी जाहिर की।

## बजरंग दल और विहिप ने निकाला मार्च, फूंका पुतला

■ बांगलादेश में हिन्दुओं के खिलाफ जिहादी लगातार कर रहे नरसंहार : विहिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बांगलादेश में हिन्दुओं के खिलाफ जिहादीयों द्वारा लगातार किए जा रहे नरसंहार का गुरुवार को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल जिला भिवानी ने विरोध किया। विहिप व बजरंग दल ने नेहरू पार्क से हांसी गेट तक विरोध प्रदर्शन किया और युनुस सरकार का पुतला फूंका।

विहिप के जिलाध्यक्ष प्रदीप बंसल ने बताया कि बांगलादेश में लगातार हो रहे हिन्दुओं के खिलाफ हमलों से पूरे भारतवर्ष में हिन्दू समाज में भारी रोष है। विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे और क्रिया की प्रतिक्रिया की जाएगी। देश में जहां भी बांगलादेशी व रोहिग्या दिखाई देंगे उन्हें प्रशासन के सहयोग से देश से बाहर किया जाएगा। मानवाधिकार आयोग व विश्व बिरादरी को बांगलादेश सरकार पर दबाव बनाकर बांगलादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं की जान एवं माल की रक्षा करनी चाहिए। बांगलादेश के हिन्दुओं के पास घर, दुकान, फैक्ट्री और प्रतिष्ठान रूपये सबकुछ है, लेकिन उनके पास जीवन की सुरक्षा नहीं है, इसलिए हिन्दू समाज संगठित रहें।



भिवानी। हांसी चौक पर बांगलादेश की युनूस सरकार का पुतला फूंकते विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### इन्होंने किया प्रदर्शन

विरोध प्रदर्शन में ऋषिसिंह उपाध्यक्ष, सुरेश सोनी व मनीष सोनी जिला सहमंत्री, ललित लेघां जिला सुरक्षा प्रमुख, दलबीर हलवासिया सामाजिक समरसता प्रमुख, शुभम बजरंगी, अमित राठौड़, सुनील सैनी, अनिल चौहान, आशीष, राकेश कौशिक, अंकित, पंकज, चिंका, मोहित बस्ती प्रमुख, अनिल परमार, एडवोकेट अश्विनी मेहता, पंकज, जितेन्द्र, जितेन्द्र देवराला, अशोक तंवर, नरेन्द्र चौहान, केशव, संदीप, अश्विनी, विवेक बजरंगी, रोहित देवसर आदि मौजूद रहे।

सांस्कृतिक महोत्सव

### कवि पंडित लखमीचंद का जन्मदिवस मनाया जा रहा

भरथरी सांग रहा सांस्कृतिक संध्या का मुख्य केंद्र

## म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान के मंच पर जीवंत हुई लोक विरासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

उमरावत स्थित सूर्य कवि पंडित लखमीचंद सांस्कृतिक भवन में जारी 5 दिवसीय भव्य सांस्कृतिक महोत्सव के तीसरा दिन वीरवार को भी श्रद्धा, उल्लास और लोक संस्कृति के अनूठे संगम का गवाह बना। म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने की। प्रवक्ता रामधन शास्त्री ने बताया कि वीरवार को तृतीय दिवस का मुख्य आकर्षण सूर्य कवि पंडित लखमीचंद के पौत्र एवं सुप्रसिद्ध सांगी विष्णु दत्त कौशिक (जांटी) का जन्मदिवस रहा, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने बड़े धूमधाम से मनाया। साथ ही राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित दिवंगत सांगी पंडित तुलेराम की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन विजेंद्र बडग़ुजर ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि पंडित लखमीचंद की विरासत को सहेजना केवल एक कला की सेवा नहीं, बल्कि अपनी जड़ों को सींचना है। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सचिन जैन ने कहा कि लोक कलाएं समाज को नैतिकता का पाठ पढ़ाती हैं। सांस्कृतिक संध्या का मुख्य केंद्र पंडित विष्णु दत्त कौशिक द्वारा प्रस्तुत पिंगला : भरथरी सांग रहा।



भिवानी। आयोजित सांग में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## विधवा महिला ने लगाया ससुरालजनों पर एक करोड़ के फ्रॉड का आरोप

**भिवानी।** शहर की विधवा महिला ने पति के निधन के तुरंत बाद ही उसके परिवारजनों द्वारा धोखाधड़ी से कागजों पर साइन कराकर बीमा राशि हड़पने, गाड़ियों को अपने कब्जे में लेने की शिकायत दी है। उनका आरोप है कि उनके साथ परिवारजनों ने एक करोड़ 13 लाख रुपये का फ्रॉड किया है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके कड़ी कार्रवाई की मांग उन्होंने की है।

गांव लेघां निवासी उर्मिला देवी पत्नी स्वर्गीय संदीप डबास ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि अपने पति संदीप डबास से उसे 13 साल का बेटा प्रीत है। उनके पति का 19 फरवरी 2025 को निधन हो गया था। जिसके कारण वह सदमे में थी। पति की मृत्य के अगले ही दिन ससुरालियों ने उसकी विधवा पेंशन व बच्चे की पेंशन तथा सरकार की ओर से मिलने वाली आर्थिक सहायता दिलवाने का झांसा देकर उससे कोरे कागज, फार्मों व बैंक चेक पर हस्ताक्षर करवा लिये। उसने परिवारजनों पर विश्वास करके हस्ताक्षर कर दिए थे। सभी आरोपियों ने उस समय उसके पति के तमाम दस्तावेज व घर में मौजूद अन्य सामान अपने कब्जे में ले लिये थे।

## अध्यापिका जमुना तथा सुष्मिता ने सुंदर गीत प्रस्तुत किए, छात्रा खनक ने अंग्रेजी गीतों और लवी ने पंजाबी नृत्य से मंत्रमुग्ध किया

**भिवानी।** आदर्श विद्या मंदिर के प्रांगण में इंटरनेशनल इवेंट पीनांकल का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ बारहवीं के विद्यार्थियों सिमरन और जन्नत द्वारा किया गया है। विद्यालय के प्रबंधक श्री सत्येन्द्र जी एवं प्रधानाचार्या तरंग गौड़ ने मुख्यातिथि विपिन का स्वागत किया। प्रधानाचार्या तरंग गौड़ द्वारा अतिथि महोदय का अभिनन्दन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गईं आदर्श विद्या मंदिर की छात्राओं ने मनमोहक पंजाबी गाने 'तू फुलकारी काढ़ दी' पर अद्बितीय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में दा आर्यन स्कूल, हालवासिया विद्या विहार, सीताराम कन्या स्कूल, वैश्य मॉडल स्कूल के बच्चों ने अपने नृत्य के माध्यम से पूरे वातावरण को आनंदित कर दिया। हलवासिया स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा गांव की झलक प्रस्तुत करते हुए बिन बूंदों बारिश की छवि हुए मनमोहक हरयाणवी नृत्य को प्रस्तुत किया। आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थियों और अध्यापकों ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुतियों के द्वारा पूरे वातावरण को गुंजित कर दिया।




अध्यापिका जमुना तथा सुष्मिता ने सुंदर गीत प्रस्तुत किए। ग्यारहवीं की छात्रा खनक ने अंग्रेजी गीतों और लवी ने पंजाबी नृत्य के द्वारा सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नौवीं की छात्रा इशिका ने 'आशाएं मुश्किल नहीं' गीत की भव्य प्रस्तुति दी। कक्षा छठी की छवि ने 'गजबन पानी न चाली' हरयाणवी गीत पर अदभुत नृत्य किया। मुख्यातिथि विपिन ने बच्चों को संबोधित करते हुए प्रबन्धक य और प्रधानाचार्या को आभार व्यक्त किया कि उन्हें आदर्श विद्या मंदिर में बच्चों को प्रेरित करने के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने बच्चों के और अध्यापकों द्वारा प्रस्तुत की गई नृत्य और गीतों की भूरि- भूरि प्रशंसा की।




कमिटमेंट / अंशु सिंह

बच्चो, नया साल आने वाला है। तुमने प्लानिंग शुरू कर दी होगी, इसे कैसे सेलिब्रेट करोगे। नया साल तुम्हारे लिए कैसे बेहतर साबित हो, तुम्हारे क्या नए रेजॉल्यूशन हों। नए साल में तुम ऐसा नया क्या करो, जो तुम्हें खुशी मिले, सफलता की राह बने, जानो।

# न्यू ईयर के लिए डिसाइड करो कुछ अलग रेजॉल्यूशन

बच्चो, नया साल आने ही वाला है। सभी इसकी कुछ न कुछ तैयारी में लगे हैं, ताकि नए साल का जश्न शानदार और यादगार बन सके। बच्चो, तुम सबने भी कुछ प्लानिंग की होंगी। बहुत कुछ सोचा होगा कि नए साल के स्वागत में क्या-क्या करेंगे? कहां पार्टी करेंगे, कहां घूमने जाएंगे, परिवार के अलावा दोस्तों के साथ मस्ती कैसे करेंगे? इतना ही नहीं, नए साल में क्या नया रिजॉल्यूशन लेंगे, इसके बारे में भी सोचा होगा। लेकिन ये सब तो आमतौर पर सभी करते हैं। तुम अलग क्या करोगे? ऐसा क्या करोगे, जो तुम्हारे लिए सिर्फ एक दिन या रात का जश्न न हो, बल्कि हर दिन, नए उत्साह और नई उम्मीद से भरा देखें। समस्याओं से कभी घबराएं नहीं। बेवजह गुस्सा न करें, बड़ों की सलाह मानकर आगे बढ़ें। तो बच्चों क्या तुम तैयार हो, ऐसा कुछ करने के लिए?



## जरूरी है इरादों में दृढ़ता

कई बच्चे दोस्तों या बड़ों की देखा-देखी में रेजॉल्यूशन तो ले लेते हैं, लेकिन उसे पूरा करने के लिए जो दृढ़ता चाहिए, वो उनमें नहीं होती है। बच्चो, जब तुम कोई लक्ष्य बनाओ, कोई टारगेट फिक्स करो तो उसे पूरा करने के लिए मेहनत, आत्मविश्वास के साथ मन में दृढ़ता जरूर होनी चाहिए। नए साल में इस बात को ध्यान में रखो।



## पहचानो अपनी खूबी

बच्चो, हर किसी में कोई न कोई खूबी जरूर होती है। तुम्हारे अंदर भी होगी। कई बार इस खूबी को पहचानने में देरी होती है। इसमें टीचर्स, पैरेंट्स, दोस्त या घर के बड़े हमारी मदद करते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज कुलदीप यादव को सभी जानते हैं। अपने चाचा को क्रिकेट खेलते देखकर, उनकी दिलचस्पी इस खेल में हुई। फिर पिता जी ने मोटिवेट किया कि वह पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट भी खेलें। कुलदीप, पेस बॉलर बनना चाहते थे। लेकिन जब पहली बार कोच के पास पहुंचे, तो उन्होंने उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचाना और स्पिन गेंदबाजी के लिए प्रेरित किया। पहले थोड़ा झटका लगा। लेकिन वे उन पर विश्वास कर आगे बढ़े और उनका फैसला सही साबित हुआ। बच्चो, नए साल में तुम भी अपने अंदर की खूबी को पहचानो, जैसे तुम्हारे भीतर सिंगिंग, पेंटिंग, डॉसिंग या राइटिंग का टैलेंट हो तो उसे संवारने का संकल्प ले सकते हो। साथ ही दूसरों की खूबियों से नया सीखने की भी कोशिश करो।

## पैरेंट्स के साथ करो खुलकर बातें

बच्चों की एक आम शिकायत रहती है कि पैरेंट्स उन्हें अपने मन का करने नहीं देते। जरूरत से ज्यादा रोकते-टोकते हैं। उन पर भरोसा नहीं करते हैं। अकेले दोस्तों के साथ घूमने जाने या देर रात पार्टी करने से रोकते हैं। दरअसल, पैरेंट्स के ऐसा करने की वजह होती है। वे नहीं चाहते हैं कि तुम्हारे साथ कुछ गलत हो। तुम गलत संगत में पड़ो और फंसो। वे तुम्हें गुमराह होने से बचाना चाहते हैं। पैरेंट्स को तुम्हारी सुरक्षा की चिंता रहती है। बच्चो, इस बात को समझो कि पैरेंट्स अनुभवी होते हैं। उन्हें लोगों की परख होती है। इसलिए तुम्हें उनकी बातें माननी चाहिए। अपनी पसंद या नापसंद के बारे में उन्हें जरूर बताओ। डरो नहीं और न संकोच करो। अपने पैरेंट्स से सलाह लेने में कोई हर्ज नहीं है। बात करने से हर प्रॉब्लम का सही सॉल्यूशन निकलता है।

## मानो दोस्तों की सही सलाह

अच्छे दोस्त परिवार के सदस्य की तरह होते हैं, जो अच्छे और बुरे वक्त दोनों में हमें सपोर्ट करते हैं। हमारी खूबियों की सराहना करते हैं, गलत होने पर टोकने से भी पीछे भी नहीं रहते। दोस्तों को इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि हमें बुरा लग सकता है, क्योंकि वे हमारे बारे में सिर्फ अच्छा और पॉजिटिव सोचते हैं। जैसे, सिक्स्थ की स्टूडेंट दीपक को जंक फूड के अलावा कुछ और पसंद ही नहीं आता था। इससे उसका वजन बढ़ने लगा। तब उसके दोस्त अनुज ने उसे साइक्लिंग और योगा करने की सलाह दी। दीपक ने उसकी बात मानी। कुछ समय बाद ही असर दिखने लगा। कहने का मतलब है कि जब हम अपनों की बातों को पॉजिटिव तरीके से लेते हैं, तो बदलाव भी हमारे हित में होते हैं। *

## ऐसे सेलिब्रेट करो न्यू ईयर

**बच्चो, अगर** तुम सोच नहीं पा रहे हो कि न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करें, तो तुम हमारे सुझाव अमल में ला सकते हो-

- घर पर मजेदार एक्टिविटीज कर सकते हो। तुम ग्लोस्टिक डांस पार्टी के अलावा डीआईवाई क्राफ्ट्स (टोपी, पॉपर्स), स्पार्कलिंग साइडर के साथ आधी रात का नकली काउंटडाउन करके नए साल का जश्न मना सकते हो।
- बैकयार्ड में गेम्स और खाने के साथ बोनफायर अरेंज कर सकते हो।
- परिवार के साथ किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते हो। अपने शहर के मॉल में बच्चों के लिए बने जोन में म्यूजिक के साथ थीम वाले इवेंट में शामिल हो सकते हो, तुम्हें बहुत मजा आएगा।
- ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्थलों की सैर कर सकते हो। एडवेंचर पार्क भी जा सकते हो।



टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# बीते साल की अचीवमेंट्स नए साल से नई आशाएं

बच्चो, बीत रहा साल हमें कुछ अचीवमेंट्स देकर जाता है, नया साल हमारे भीतर नई आशाएं जगाता है। टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट एकदास खान और श्रेया पटेल, बालभूमि को बता रहे हैं कि बीत रहे साल 2025 में उन्होंने क्या अचीव किया, नए साल 2026 से उन्हें क्या आशाएं हैं? साथ ही ये दोनों यह भी बात रहे हैं, न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करेंगे, इनके क्या रेजॉल्यूशंस हैं।

## मेरे लिए यह साल सुपर-डुपर रहा : अकदास खान



**सन नियो** चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में अकदास खान, सप्पू का किरदार निभा रहा है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। साल 2025 में इस शो का हिस्सा बनकर अकदास बहुत खुश है। वह बताता है, 'यह साल मेरे लिए सुपर-डुपर रहा। मुझे इतने बड़े शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में सप्पू का रोल प्ले करने का मौका मिला। मैंने इस साल कैमरे को फेस करना, अच्छे से डायलॉग बोलना और सीन में सही रिएक्शन देना सीखा।' नए साल 2026 के अपने रेजॉल्यूशन के बारे में अकदास बताता है, 'आने वाले साल में मेरा रेजॉल्यूशन है कि मैं सप्पू के रोल को और भी अच्छे से एक्ट करूं। मैं नए साल में डांस, गाना और कुछ एडवेंचर वाली स्किल्स भी सीखूंगा। उम्मीद करता हूं कि नए साल में मुझे बड़े और अच्छे रोल्स मिलेंगे।' न्यू ईयर सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में भी अकदास बहुत उत्साहित होकर बताता है, 'इस बार मैं अपने शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' के सभी दोस्तों के लिए छोटे-छोटे न्यू ईयर काड्र्स बनाऊंगा। मम्मा और मैं घर पर गुब्बारे और छोटी-छोटी लाइट्स भी लगाएंगे। अबकी न्यू ईयर पर घर में और सेट पर हम खूब एंज्वॉय करने वाले हैं। सभी को मेरी तरफ से हैप्पी न्यू ईयर!' *

## नए साल में निखारूंगी अपनी एक्टिंग स्किल : श्रेया पटेल



**इन दिनों** श्रेया पटेल सोनी सब के धार्मिक सीरियल 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' में सिद्धि का किरदार निभा रही है। उसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। श्रेया के लिए साल 2025 बेहद खास रहा। वह मुस्कुराते हुए बताती है, 'मेरे लिए इस साल की शुरुआत सोनी सब के शो 'तेनाली रामा सीजन-2' से हुई। मुझे खुशी है, इस शो में दर्शकों को मेरा रोल, मेरी एक्टिंग पसंद आई। साल बीतते-बीतते मुझे नया शो 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' मिल गया, जिसमें मैं सिद्धि का रोल प्ले कर रही हूं। मुझे इस साल नए-नए प्रोजेक्ट्स मिले और खुद को प्रूव करने का अवसर भी मिला। इस लिहाज से देखा जाए तो साल 2025 मेरे लिए बहुत ही खास रहा।' आने वाले साल 2026 से श्रेया को कई उम्मीदें हैं। उसने कुछ गोल्स भी सेट किए हैं, वह बताती है, 'मैं उम्मीद करती हूं, नए साल में मुझे अच्छे शोज में लीड रोल निभाने का मौका मिलेगा। नए साल में मैं एक्टिंग कॉलेज से जुड़कर अपना एक्टिंग स्किल निखारना चाहती हूं।' श्रेया न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'नए साल की शुरुआत मैं अपने फैमिली मेंबर्स और फ्रेंड्स को न्यू ईयर विश करके करती हूं। फैमिली के साथ पार्टी करती हूं। बालभूमि के नन्हे दोस्तों को मेरी ओर से नए साल की गुड विशेज।' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

कविता / राजा चौरसिया

# स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा

जा रहा पुराना साल छोड़कर
यादों का अनमोल पिटारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
नई उमंगें, नई तरंगें
और चेहरे खिले हुए हैं।
प्रिय बधाइयों, उपहारों के
सबको अवसर मिले हुए हैं।
नजरें तो हैं वही पुरानी
किंतु नया सब ओर नजारा।

हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
गीत देश के भी गाएंगे
इसको भूल नहीं पाएंगे।
बारह माह सफलताओं का
मनचाहा उत्सव मनाएंगे।
नई सोच की पटरी पर ही
दौड़ेगा उत्साह हमारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नववर्ष तुम्हारा।






कहानी

रेनू सैनी

स्पर्श की जैसे सफाई से परहेज था। उसके मम्मी-पापा और दोस्त उसे समझाते, लेकिन उस पर कोई असर नहीं होता। स्पर्श का मौसेरा भाई पंकज, क्रिसमस की छुट्टियों में जब उसके पास आया, तो उसने स्पर्श को सुधारने की सोची। पंकज क्या स्पर्श को सुधार सका?

# नववर्ष का संकल्प



निर्मला मैडम सेवेंथ क्लास के बच्चों को हेल्थ से जुड़ी उपयोगी जानकारी दे रही थीं। उन्होंने बच्चों को बदलते मौसम में फैल रही बीमारियों जैसे वायरल फीवर, टाइफाइड और लूज मोशन के बारे में बताया। बच्चे उनकी बातें ध्यान से सुन रहे थे, लेकिन स्पर्श का ध्यान कहीं और था। वैसे तो वह होशियार बच्चा है, लेकिन उसमें एक बुरी आदत है कि सफाई से दूर रहता है। वह कभी भी ढंग से हाथ नहीं धोता है। यहां तक कि खाना खाने से पहले भी नहीं। स्पर्श के माता-पिता और दोस्त उसे हर तरह से समझा कर थक चुके हैं, किंतु वह किसी की भी नहीं सुनता। उसके कपड़े भी अकसर मैले रहते हैं। यहां तक कि उसकी किताबें, कॉपियां फटी मिलती हैं। पूछने पर उसका जवाब होता है, 'मेरी चीजें मैली या फटी इसलिए होती हैं, क्योंकि मैं इनका सबसे ज्यादा प्रयोग करता हूं। तुम लोगों की तरह नहीं कि हर चीज को शो-पीस बनाकर रखूं।' ऐसे ही किसी के हाथ धोने के लिए कहने पर उसका जवाब होता, 'हाथ तो वही रहेंगे न, धोएं या न धोएं, क्या फर्क पड़ता है?'

स्पर्श की इन बे-सिर पैर की बातों से सभी चिढ़ते हैं। इस बार क्रिसमस की छुट्टियों में स्पर्श की मौसी का बेटा पंकज कुछ दिनों के लिए आया। पंकज उससे बड़ा है। वह बहुत समझदार भी है। स्पर्श के कई दोस्तों से पंकज मिला, उसे इनसे स्पर्श का सफाई से न रहने की आदत के बारे पता चला। पंकज ने मन ही मन नववर्ष से पहले उसकी इस आदत को छुड़ाने का निश्चय किया।

स्पर्श का दोस्त अमन बीमार चल रहा था। पंकज कुछ सोचकर स्पर्श के साथ अमन से मिलने उसके घर गया। दोनों को देखकर अमन को खुशी हुई। वह बोला, 'अच्छा हुआ, तुम लोग आ गए। मेरा मन बहल जाएगा। वैसे अब मैं बिल्कुल ठीक हूं। खांसी-जुकाम हो गया था।'

तभी अमन की मम्मी वहां आकर बोलीं, 'मैं चाय-नाश्ता लेकर आती हूं अभी।'

यह सुनकर पंकज ने स्पर्श से कहा, 'आंटी, रसोई में चाय-नाश्ता तैयार कर रही हैं। तुम जाकर ले आओ।'

स्पर्श तुरंत रसोईघर की ओर चला गया। कुछ देर बाद वह गर्म-गर्म चाय-नाश्ता लेकर आया। स्पर्श नाश्ता शुरू करने वाला था कि अमन ने टोका, 'अरे...अरे... यह क्या कर रहे हो? पहले जाकर अच्छे से हाथ साफ करके आओ।' अमन ने यह भी बताया, 'मेरे एक रिश्तेदार का बेटा इन दिनों बहुत बीमार चल रहा है। उसे टाइफाइड हो गया है। डॉक्टरों ने बोला है कि उसे ठीक होने में समय लगेगा। वह भी बिना हाथ साफ करे चीजें खा लेता है। इसलिए गंदगी के कीटाणुओं ने उसे अपना शिकार बना लिया है। उसके बोर्ड के एग्जाम सिर पर हैं। ऐसे में वह बीमार हो गया है। उसकी पढ़ाई का हर्जा हो रहा है। पता नहीं वह बोर्ड के एग्जाम दे भी पाएगा या नहीं?' अमन आगे बोला, 'बीमार पड़ने से अच्छा है कि पहले से ही साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए।'

अमन की बातें सुनकर स्पर्श घबरा सा गया। वह वॉश बेसिन की ओर भागा। जैसे ही वह हाथ धोने गया, पंकज और अमन एक-दूसरे की ओर देखकर मुस्कुराए। दरअसल, पंकज ने ही स्पर्श को जान बूझकर नाश्ता लेने के लिए कमरे से बाहर भेजा था। उसके कमरे से जाते ही पंकज ने अमन को झूठ-मूठ की कहानी बनाने के लिए कहा था। इस कहानी ने अपना काम कर दिखाया।

हाथ धोकर आने के बाद स्पर्श चाय-नाश्ता करते हुए बोला, 'भाई, मेरा तो आने वाले नए साल में यही संकल्प है कि हमेशा कुछ खाने-पीने से पहले अच्छी तरह हाथ धोऊंगा।'

स्पर्श की बात सुनकर पंकज बोला, 'भाई तुम्हारा यह संकल्प तो सारे संकल्पों पर भारी है, क्योंकि स्वच्छता है तो स्वास्थ्य है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है। इस तरह तो तुम हर जगह बाजी मार ले जाओगे।'

पंकज की बात पर अमन और स्पर्श हंस पड़े। कमरे में नाश्ते की खुशबू फैल चुकी थी। तीनों नाश्ते का आनंद लेते हुए यह प्लान करने लगे कि नववर्ष कैसे सेलिब्रेट करेंगे? *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र


# प्रेरित करती रोचक कहानियां

बच्चो, तुम्हारे लिए बाल कहानियों का एक संग्रह 'शेर की मूंछ के बाल' कुछ समय पहले छपकर आया है। रेखा शाह आरबी द्वारा लिखी गई इस किताब में चौदह मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानियां संकलित हैं। संग्रह की कहानियों में इंसानी पात्र तो हैं ही, कई कहानियों में जंगल के जीव-जंतुओं को पात्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है। किताब की शीर्षक वाली कहानी 'शेर की मूंछ के बाल' मनोरंजक होने के साथ-साथ तुम्हें अपनी गलती का एहसास कर उसे सुधारने की सीख भी देती है। 'टूटी गुल्लक' बहुत ही प्यारी कहानी है, जिसमें तुम पढ़ोगे कि गोलू किस तरह अपने दोस्त राजू की मदद करता है। यह कहानी तुम्हें सच्ची दोस्ती का महत्व समझाएगी। 'गुल्लू का बर्थ-डे' शीर्षक कहानी में गुल्लू अपना बर्थ-डे कुछ इस तरह मनाता है कि उसके सभी दोस्त उससे इंस्पायर होकर तय करते हैं कि वे भी अपना बर्थ-डे ऐसे ही मनाएंगे। यह कहानी तुम्हें अपनी खुशियां जरूरतमंदों के साथ बांटने पर मिलने वाली खुशी का एहसास कराएगी। 'पिंकी का सपना' कहानी में तुम पढ़ोगे कि पिंकी ने किस तरह दादाजी के साथ मिलकर अपने सपने को सच किया। यह कहानी तुममें प्रकृति-प्रेम और पर्यावरण की रक्षा के भाव जगाएगी। इन कहानियों के अलावा 'तोताराम को मिली सीख', 'साबू और शहद', 'तोलू मोलू और करेला', 'पक्की वाली दोस्ती', 'लोमड़ी की चांद ट्रिप टूरिस्ट एजेंसी' कहानियां भी तुम्हें खूब पसंद आएंगी। साथ ही ये कहानियां तुम्हें नैतिक और व्यावहारिक ज्ञान भी देंगी। *




**किताबः** शेर की मूंछ के बाल (बाल कहानी संग्रह), **लेखिकाः** रेखा शाह आरबी, **मूल्यः** 250 रुपए, **प्रकाशकः** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज

## जीके क्विज-185



1. भारत के राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की रचना किसने की?
2. ग्लोबल फैमिली डे कब मनाया जाता है?
3. हाल ही में फेमस फुटबॉलर लियोनेल मेसी की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा का अनावरण कहां हुआ है?
4. किस देश ने जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 जीता है?
5. टाइम मैगजीन द्वारा किसे टाइम एंटरटेनर ऑफ द ईयर 2025 चुना गया है?
6. हैदराबाद किस नदी के किनारे बसा है?
7. नवंबर महीने के लिए आईसीसी वूमेन प्लेयर ऑफ द मंथ किसे चुना गया है?
8. भारत के किस राज्य की राजभाषा अंग्रेजी है?
9. भारत के किस राज्य में लोकसभा की सर्वाधिक सीटें हैं?
10. 'भारत भारती' नामक पुस्तक के रचयिता कौन हैं?

**बच्चों, जीके क्विज-185 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-184 का उत्तर :** 1.दीपावली, 2.जसप्रीत बुमराह, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.गुजरात, 5.माउंट बेटन, 6.ओडिशा, 7.क्षिप्रा नदी, 8.22 दिसंबर, 9.विनेश फोगाट, 10.पत्रकारिता

**जीके क्विज-184 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, चीनू-रायगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, नीटू-सीतापुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-रोहतक

## रंग भरो-192

**रंग भरो-192** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आन्या, दुर्ग


दीक्षांत, रायपुर


दिया, रोहतक


आशना, जांजगीर


हिताक्षी, महेंद्रगढ़


पयोनिधि, अंबिकापुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, अंकिता-ईमेल से, अंतरा-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कोमल-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अमन-जांजगीर, कुसुम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रितेश-बलौदा बाजार

## रंग भरो 193




बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में कुछ बच्चे न्यू ईयर सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## प्रार्थना सभा में शामिल होकर दी एक-दूसरे को क्रिसमस-डे की बधाई

# क्रिश्चियन समाज ने कैंडल जलाकर प्रभु यीशु मसीह को किया नमन




भिवानी। बैपटिस्ट चर्च में प्रभु यीशु मसीह के याद में कैंडल जलाती क्रिसचन तथों प्रार्थना सभा में मौजूद क्रिसचन समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

■ बैपटिस्ट चर्च व घरों को क्रिसमस डे को लेकर रंग-बिरंगी लाइटों व लड्डियों से सजाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नया बाजार स्थित बैपटिस्ट चर्च में गुरुवार 25 दिसंबर को क्रिसचन समाज ने प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस को क्रिसमस डे के रूप में मनाया। ईसाई समाज ने क्रिसमस डे पर प्रार्थना सभा में शामिल होकर प्रभु यीशु मसीह का संदेश सुना और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। भजन मंडली ने प्रभु यीशु मसीह के जीवन पर अपने भजनों के माध्यम से प्रकाश डाला और उन्होंने उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। क्रिसमस डे पर चर्च को लाइटों व लड्डियों से सजाया गया। इस मौके पर उनके अनुयायियों ने कैंडल जलाकर प्रभु यीशु मसीह को नमन एवं याद किया।

उल्लेखनीय हैं कि 25 दिसंबर को प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस को क्रिसमस डे के रूप में मनाया जाता हैं। बैपटिस्ट चर्च में सुबह 10 बजे प्रार्थना सभा शुरू हुई, जिसमें पादरी प्रकाश मसीह ने प्रभु यीश मसीह के जीवन, धार्मिकता व उनकी पवित्रता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ईसाई समाज के लिए क्रिसमस डे सबसे बड़ा दिन होता हैं।

बैपटिस्ट चर्च व घरों को क्रिसमस डे को लेकर रंग-बिरंगी लाइटों व लड्डियों से सजाया तथा क्रिसमस ट्री को बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया। पादरी प्रकाश मसीह ने बताया कि प्रभु यीशु मसीह ने लोगों की भलाई के लिए जन्म लिया और लोगों की भलाई के लिए ही उन्होंने अपनी जान दे दी। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह लोगों को आपस में प्रेम से रहने की शिक्षा देते हैं, हमें भी उनकी शिक्षा का अनुशरण करना चाहिए। प्रार्थना सभा के बाद सभी क्रिसचन परिवार व अन्य लोग मोमबत्तियां जलाकर प्रभु यीशु मसीह को याद किया और उनकी उपस्थिति का स्वागत किया। करीब साढ़े 12 बजे चर्च में प्रार्थना सभा समाप्त होने पर सभी को केक वितरित किया और सभी ने एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। इसके बाद भंडार लगाया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

**ये रहे मौजूद**

अनन्या, आयशा व अंश ने जिंगल बैल जिंगल बैल, मेरा प्रभु जन्मा, प्यारा प्रभु जन्मा गीत गाया। इस मौके पर चंद्रसेन, अनिल मार्क्स, सुदेश, सेमवेल बंटी, इमेनूवल कारपेंटर, आशा स्मिथ, आदित्य मार्क्स, आयशा मार्क्स, अनुराग मार्क्स, माइकल सोलोमन, मुन डेविस, विकास मसीह, रवि, सचिन प्रकाश, पीटर डेनियल आदि मौजूद रहे।




भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

# हलवासिया विद्या विहार में मनाई पूर्व प्रधानमंत्री अटल की 101वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हलवासिया विद्या विहार में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, महान कवि एवं दूरदर्शी राजनेता अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती बड़ी श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के पुरातन छात्र धर्मेंद्र सिंह (जिला शिक्षा अधिकारी,चरखी दादरी) ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत, प्राचार्य विमलेश आर्य, उप-प्राचार्य दीपक वशिष्ठ, वरिष्ठ विभाग प्रमुख एलेग्जेंडर दास, अमरेंद्र कुमार, माध्यमिक विभाग प्रमुख सुवीरा गर्ग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी आचार्या कविता तंवर ने अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में आचार्या मीनाक्षी अग्रवाल ने कुशल मंच संचालन करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे एक प्रख्यात कवि, लेखक एवं दूरदर्शी राजनेता थे। वे प्रथम बार वर्ष 1996 में 13 दिनों के लिए, तत्पश्चात 1998 से 1999 तक 13 महीनों के लिए तथा फिर 1999 से 2004 तक पूर्ण कार्यकाल के दौरान भारत के प्रधानमंत्री रहे और अपने नेतृत्व में देश को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 1998 में अटल जी के नेतृत्व में पोखरण परमाणु परीक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए, जिससे भारत एक परमाणु शक्ति-संपन्न राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हुआ। अटल जी ने "जय जवान, जय किसान" के साथ "जय विज्ञान" का नारा जोड़कर देश को आत्मनिर्भरता एवं वैज्ञानिक प्रगति की दिशा प्रदान की। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अटल जी के विचारों से प्रेरणा लेकर ईमानदारी, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं।

विद्यालय प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत एवं प्राचार्य विमलेश आर्य ने आए हुए मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया और बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में भारत में सुशासन की सशक्त नींव रखी गई थी। उनका नेतृत्व सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों, सहिष्णुता और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक रहा। कार्यक्रम में स्वयंसेविकाएँ साक्षी, प्रिया, गुंजन, स्नेहा सिंह, माही, तन्नु एवं खुशबू की विशेष सहभागिता रही।

**शासन का उद्देश्य केवल सत्ता नहीं**

मुख्य अतिथि ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी भारतीय राजनीति के ऐसे महान व्यक्तित्व थे जिन्होंने राजनीति को सेवा, संवाद और संवेदनशीलता से जोड़ा। उनका संपूर्ण जीवन सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्रीय एकता और मानवता को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि अटल जी का मानना था कि शासन का उद्देश्य केवल सत्ता नहीं, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुँचाना होना चाहिए।

# 68 युवाओं ने रक्तदान कर अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

गुरूवार को पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के 101वें जन्मदिवस के मौके पर स्थानीय आदर्श प्ले स्कूल परिसर में पीजी ग्लोबल इंस्टीट्यूट के तत्वावधान और वंचित जनजागृति ट्रस्ट के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष बंटी तायल और मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन सुभाष सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। शिविर में 68 युवाओं ने रक्तदान कर स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी। चेयरमैन बंटी तायल और मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन सुभाष सैनी ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है तथा मनुष्य द्वारा दान किया गया रक्त किसी जरूरतमंद को जीवनदान दे सकता है। इस पुनीत कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सदैव तत्पर रहना चाहिए।



**ये रहे मौजूद**

मा. श्याम सुंदर सांगवान, मा. राजीव वत्स, जितेंद्र जांगड़ा, सीए विपिन अग्रवाल, पार्षद राजेश सैनी, अजय शर्मा, मुकेश जोशी, प्रदीप सैनी, अक्षय शास्त्री, सुनील पहाड़ी, नरेश बड़सीवाल सहित अनेक गणमान्य लोगों शिरकत की। कर स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी एक आदर्श पुरुष थे।

**बवानीखेड़ा से विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की**

# सुशासन दिवस पर निष्ठावान अधिकारियों और कर्मचारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सुशासन दिवस के अवसर पर वीरवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भिवानी से विधायक घनश्याम सर्राफ ने मुख्य अतिथि और बवानीखेड़ा से विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीसी साहिल गुप्ता ने की। इस दौरान पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

वहीं दूसरी ओर पंचकुला में आयोजित प्रदेश स्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपना संदेश दिया।

सुशासन दिवस की बधाई देते हुए विधायक सर्राफ ने कहा कि आज का दिन इसलिए भी विशेष महत्व रखता है क्योंकि आज महामना पंडित मदन मोहन मालवीय और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती है। ये दोनों विभूतियां केवल व्यक्ति नहीं थीं, बल्कि विचारधाराएं थीं— ऐसी विचारधाराएं जिन्होंने राष्ट्र निर्माण की नींव को मजबूत किया। महामना मालवीय ने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम माना। वहीं श्रद्धेय वाजपेयी ने राजनीति को सेवा, संवेदना और सुशासन का माध्यम बनाया। आज हरियाणा सरकार इन्हीं महापुरुषों के विचारों से प्रेरणा लेकर अंत्योदय के पथ पर आगे बढ़ रही है।

बवानीखेड़ा से विधायक वाल्मीकि ने कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही और जन-सहभागिता सुशासन का मूलमंत्र है। आज बिना पर्ची-खर्ची, बिना भेदभाव, योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है। यही सुशासन की सच्ची पहचान है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 24 घंटे लोगों की सेवा में लगे रहते हैं।




भिवानी। विधायकों को स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**खबर संक्षेप**



### सुशासन दिवस पर 90 वर्षीय सावित्री ने रोपित की त्रिवेणी

भिवानी। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को देशभर में सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इसी कड़ी में वीरवार को गांव जमालपुर में एक विशेष कार्यक्रम हुआ, जो नई और पुरानी पीढ़ी के बीच एक सेतु की तरह नजर आया। गांव की 90 वर्षीय बुजुर्ग सावित्री देवी ने जमालपुर की सोसायटी बैंक शाखा के परिसर में त्रिवेणी रोपित कर प्रकृति और सुशासन के बीच गहरा संबंध स्थापित किया। सावित्री देवी ने कहा कि अटलजी का जीवन सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति था। पर्यावरण और सुशासन के अंतर्संबंधों को रेखांकित करते हुए सावित्री देवी ने त्रिवेणी लगाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि हिंदू संस्कृति में नीम, बरगद और पीपल की त्रिवेणी को अत्यंत पवित्र माना जाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी ने विकास की छाया पूरे देश में फैलाई, उसी तरह ये पेड़ आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध हवा और छाया देंगे। इस अवसर पर गांव के सरपंच भूपसिंह, सुरेंद्र तिगाला, जगमिंद्र मास्टर, ऋषि सोनी, रामनिवास, सुनील, बद्री प्रसाद, पाला तिगाला, जयकिशन तिगाला, गंगाधर महता, महामंत्री राजकुमार धानक, जयकिशन सोनी आदि मौजूद रहे।



### श्री बालाजी स्कूल में छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं

भिवानी। गांव कलिंगा स्थित श्री बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को तुलसी पूजन दिवस बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ तुलसी पूजन से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने भक्ति नृत्य और भजन-गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने तुलसी के धार्मिक, औषधीय व पर्यावरणीय महत्व पर अपने विचार साझा किए। है। विद्यालय के प्रबंधक रेणुका शर्मा व प्राचार्य बजरंग तंवर ने बताया कि भारतीय संस्कृति में तुलसी का विशेष स्थान है और इसे एक महत्वपूर्ण जड़ी-बूटी के रूप में भी देखा जाता है। उन्होंने बताया कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम संस्कार, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हैं।

# पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ वक्ताओं ने अटल के जीवन के विभिन्न पहलुओं, उनकी राजनीतिक दूरदर्शिता और उनके साहित्यिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर वीरवार को स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने की। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, महिला मोर्चा की पूर्व महामंत्री मीना परमार और कार्यक्रम संयोजक विनोद चावला ने शिरकत की। वक्ताओं ने अटल के जीवन के विभिन्न पहलुओं, उनकी राजनीतिक दूरदर्शिता और उनके साहित्यिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक नेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। उन्होंने अंत्योदय की भावना से काम करते हुए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का सपना देखा था। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और स्वर्णिम चतुर्भुज जैसे प्रकल्पों के जरिए उन्होंने भारत की तस्वीर बदली। आज भाजपा का हर कार्यकर्ता उनके दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में जुटा है। इस मौके पर विधायक घनश्याम सर्राफ कहा कि अटल के नेतृत्व में भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षण कर दुनिया को अपनी शक्ति का लोहा मनवाया था। विपक्ष में रहते हुए भी वे राष्ट्रहित के मुद्दों पर हमेशा सरकार का मार्गदर्शन करते थे।

### वी बी जी राम जी बिल 2025 का जताया विरोधी

तोशाम। मनरेगा मजदूर संगठन ने वीरवार को गांव नीगाना खूर्द में भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025 (वी बी जी राम जी बिल-2025) से बदलने के घृणित प्रयास का कड़ा विरोध किया और नये कानून कि प्रतियां जलाई। इस मौके पर संगठन के जिला सचिव राजकुमार बासिया ने बताया कि योजना का नाम बदलने से क्या होगा।

इस बिल के अनुसार मनरेगा और इसकी वैधानिक गारंटी को निरस्त करना और इसके स्थान पर केंद्र सरकार की ऐसी योजना लाना जो ग्रामीण गरीब परिवारों को कोई गारंटी नहीं देती।

# रक्तदान शिविर में 53 युवाओं ने रक्तदान कर पुण्य कमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बलिदान दिवस के अवसर पर यूथ जीव सहयोगी सोसायटी रजि. भिवानी द्वारा वीरवार को गांव प्रेमनगर के हाई स्कूल के हॉल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन बवानीखेड़ा नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री ने रक्तवीरों को बैज लगाकर किया। शिविर की अध्यक्षता महाराजा सूरजमल के वंशज व समाजसेवी देवेश सिंसिवार फौजदार हिसार ने की। इस मौके पर मुख्यअतिथि चेयरमैन सुंदर अत्री ने रक्तवीरों की पीठ थपथपाकर हौसला बढ़ाया और इस पुण्य काय के लिए उनका आभार भी जताया। चेयरमैन सुंदर अत्री ने कहा कि रक्तदान एक महादान है, जिसका कोई विकल्प नहीं है।

कार्यक्रम अध्यक्ष देवेश सिंसिवार ने कहा कि रक्त किसी जरूरतमंद का जीवन बचा सकता है। उन्होंने शिविर में उपस्थित युवाओं से समय-समय पर रक्तदान करने का आह्वान किया। सरपंच राजेश कुमार ने मुख्यअतिथि व अन्य अतिथियों का स्वागत किया व आभार जताया।

**कार्यक्रम** दादरी जिले में बहुत मेहनती अधिकारी व कर्मचारी: विधायक

# जिला सुशासन के मामले में दूसरों के लिए बने नजीर: विधायक

**नागरिकों को आसानी से मिले सरकारी सेवाओं का लाभ: उमेद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

जिला प्रशासन के सभी अधिकारी और कर्मचारी एक नई एवं अनुकरणीय व्यवस्था प्रदान करते हुए कार्य करें, जिससे दादरी जिला पूरे प्रदेश में दूसरों के लिए नजीर बने और नागरिकों को सभी सरकारी सेवाओं का लाभ आसानी से मिले। बाढ़डा के विधायक उमेद पातुवास ने सुशासन दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि दादरी जिला में बहुत मेहनती अधिकारी व कर्मचारी हैं। आज सभी शपथ ले कि जिले को सुशासन की दिशा में आगे लेकर जाएंगे और लोगों की भलाई के लिए ही कार्य करेंगे ताकि दादरी जिला का नाम प्रदेश स्तर पर अग्रिम रहे।

उन्होंने कहा कि सरल शब्दों में कहें तो सुशासन का अर्थ है 'एक ऐसी शासन व्यवस्था जो जनता के कल्याण के लिए समर्पित हो।' यह केवल सरकार चलाने का तरीका नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें पारदर्शिता, जवाबदेही और न्याय सर्वोपरि होते हैं। उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी और स्व पंडित मदन मोहन मालवीय को नमन करते हुए कहा कि एक आदर्श सुशासन व्यवस्था में पारदर्शिता होना जरूरी है, जिसके तहत सरकार जो भी निर्णय ले, उसकी जानकारी आम जनता तक स्पष्ट रूप से पहुँचनी चाहिए। जब सूचनाएँ खुली होती हैं, तो भ्रष्टाचार की गुंजाइश कम हो जाती है। इसी प्रकार जवाबदेही के तहत शासन में बैठे व्यक्तियों को अपने कार्यों और निर्णयों के लिए जनता को जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुशासन तभी सफल होता है जब देश का हर नागरिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा कि सुशासन के तहत कानून सबके लिए बराबर होना चाहिए। न्याय न केवल होना चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखना भी चाहिए। सुशासन किसी भी राष्ट्र की प्रगति की नींव है। आज के डिजिटल युग में 'ई-गवर्नेंस' ने सुशासन को एक नई दिशा दी है।



चरखी दादरी। सुशासन दिवस पर आयोजित समारोह में विधायक उमेद पातुवास को स्मृति चिन्ह देते । फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद डॉ. विरेंद्र सिंह व एसडीएम आशीष सांगवान आदि मौजूद रहे।

### निःशुल्क सखी ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र शुरू

भिवानी। आस्था स्पेशल स्कूल ने भिवानी में पहली बार दिव्यांग बेटियों एवं महिलाओं के लिए निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया हैं। स्कूल की प्राचार्य एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने बताया कि भिवानी में पहली बार दिव्यांग बेटियों एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से अनूठी पहल के साथ सखी ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र का शुरू किया हैं, जो पूर्णतया निःशुल्क रहेगा। केंद्र में कोई भी दिव्यांग बेटी व महिलाएं आकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती हैं जो छह महीना व एक वर्ष का अलग-अलग प्रशिक्षण होगा और अंत में उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। हिमांशी ब्यूटी पार्लर की संस्थापक कविता चहल मास्टर ट्रेनर के रूप में केंद्र में प्रशिक्षण देगी, जिसके लिए कविता चहल का जुनूनी भाव इन बच्चों के प्रति देखने को मिलेगा।




### आरपीएस स्कूल में तुलसी पूजन किया

चरखी दादरी। आरपीएस पब्लिक स्कूल में तुलसी पूजा दिवस के साथ-साथ देश के महान नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में तुलसी माता की विधिवत पूजा-अर्चना से हुआ। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मंत्रोच्चारण, दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर तुलसी पूजन किया। इसके उपरांत श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। विद्यार्थियों ने तुलसी के औषधीय, धार्मिक एवं पर्यावरणीय महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय के निदेशक सुधीर जांगड़ा एवं प्रधानाचार्या संगीता यादव के र्गदर्शन में कार्यक्रम में सभी समन्वयकों एवं शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही। निदेशक ने पर्यावरण संरक्षण एवं सांस्कृतिक मूल्यों को व्यवहार में उतारने का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### कार्यशाला में यौन हिंसा पर डाला प्रकाश

**चरखी दादरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के साथ कार्यस्थल पर यौन हिंसा के संबंध में पॉश एक्ट पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुशीला रानी, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी गीता सहारण व सुनिता सांगवान, डीसीपीओ नीलकमल, पीपीओ हरबंस कौर, एडवोकेट पूनम सांगवान, और वन स्टॉप प्रशासिका एकता श्योराण मौजूद रहे। मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि कार्यस्थल पर यौन हिंसा एक गंभीर अपराध है और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्यशाला का उद्देश्य सभी विभागों के कर्मचारियों को ऐक्ट और यौन हिंसा के बारे में जागरूक करना है।

### सेवानिवृत्त डीपीई के निधन पर जताया शोक

**भिवानी।** गांव हालुवास निवासी सेवानिवृत्त डीपीई 90 वर्षीय रामकिशन यादव का गत 22 दिसम्बर को निधन हो गया। उनके निधन पर अनेक प्रबुद्ध लोगों ने शोक जताया। उनके पुत्र सुंदर सिंह यादव और वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि इनके भतीजे ओमपाल सिंह जेवलिंग के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। इन्होंने अपने कार्यकाल में अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार किए। उनके पिता ने परिवार और समाज को एक सूत्र में पिरोए रखने का हमेशा प्रयास किया। उनके निधन पर अनेक लोगों ने शोक जताया और श्रद्धांजलि दी।

### महिलाओं ने मार्ग पर जल छिड़काव एवं पुष्पवर्षा कर रास्ते को किया पवित्र

# जो बोले सो निहाल के जयकारों के साथ श्रीगुरु ग्रंथ साहिब की निकाली पालकी

गुरु गोबिंद सिंह व श्रीगुरु तेग बहादुर को किया नमन, निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





**भिवानी।** दशमेश पिताश्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकाली गई शोभायात्रा में शामिल पंजप्यारे व अन्य श्रद्धालु व शोभायात्रा में हैरत अंगेज करतब दिखाते पंजाब के संगरूर से पहुंचे अकाल गतका ग्रुप के कुशल गुरसिख। फोटो : हरिभूमि

दशमेश पिताश्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व एवं श्रीगुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत शताब्दी को समर्पित भिवानी शहर में बुधवार को भव्य शोभायात्रा (नगर कीर्तन) का आयोजन किया। शोभायात्रा को "जो बोले सो निहाल, सतश्री अकाल" के जयकारों के साथ श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक रवाना किया। प्राचीन गुरुद्वारा सिंह सभा देवसर चुंगी की ओर से आयोजित चौथे विशाल नगर कीर्तन में भिवानी विधानसभा क्षेत्र से विधायक घनश्यामदास सर्राफ, बवानीखेड़ा से विधायक कपूर सिंह बाल्मीकि तथा बवानीखेड़ा मार्केट कमेटी के चेयरमैन राजेंद्र राजू हंस ने विशेष रूप से भाग लिया।

गुरुद्वारा सिंह सभा देवसर चुंगी के प्रधान प्रेम मुटरेजा एवं मुख्य ग्रंथी सतनाम सिंह ने बताया कि नगर कीर्तन गुरुद्वारा सिंह सभा देवसर चुंगी, शिवनगर कॉलोनी से आरंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः गुरुद्वारा साहिब में संपन्न हुआ। इस दौरान संगत ने गुरु कीर्तन, शब्द-कीर्तन और धार्मिक जयकारों के साथ नगर कीर्तन में सहभागिता की। शोभायात्रा में श्रीगुरु ग्रंथ साहिबजी को फूलों से सजी भव्य पालकी में विराजमान कर शहर के मुख्य बाजारों में संगत के दर्शनार्थ ले जाया गया। गुरु के खालसा स्वरूप में पंच प्यारों ने नंगी तलवारें हाथों में लेकर श्रीगुरु ग्रंथ साहिबजी की अगुवाई की। वहीं दस गुरु साहिबान की बड़ी बड़ी प्रतिमा को अलग अलग घोड़ा पालकी में सजाया। पंच प्यारों के आगे महिलाओं ने झाड़ू से मार्ग की सफाई कर जल छिड़काव एवं पुष्पवर्षा कर रास्ते को पवित्र किया। जब भव्य पालकी शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी तो श्रद्धालुओं ने नतमस्तक होकर श्रीगुरु ग्रंथ साहिबजी को श्रद्धापूर्वक नमस्कार किया।



**भिवानी।** शोभायात्रा के दौरान विधायक घनश्यामदास सर्राफ का सम्मान करते सिख समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

#### गतका पारंपरिक मार्शल आर्ट

अकाल गतका ग्रुप के प्रमुख गुरप्रीत सिंह ने बताया कि गतका सिख धर्म से जुड़ा पारंपरिक मार्शल आर्ट है, जिसमें धार्मिक आस्था भी निहित है। नगर कीर्तन के दौरान मार्ग में अनेक जगहों पर गुरु संगत ने प्रसाद वितरण एवं सेवा की। गुरुद्वारा साहिब में भी शहरवासियों ने निःस्वार्थ भाव से सेवा कर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु पर्व से पूर्व लगातार प्रभात फेरी का आयोजन भी किया। इसके अलावा 28 दिसंबर रविवार को गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा सिंह सभा देवर चुंगी में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक होगा, जिसके उपरांत गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सरदार बलदेव सिंह, लक्ष्मण सिंह, ज्ञानसिंह, गगनीश चावला उप-प्रधान, गुलशन चानना, विजय सनेजा, जोगिंदर रखेजा, सुदेश सिंह, विशाल मुटरेजा, जतिन चावला, धर्मबीर बत्रा, कृष्ण तनेजा, रमन बागड़ी, हरबंस कौर, पूजा कौर, प्रेम सिंह, लवन्या, सुखविंद्र कौर, निधि, ईशा चावला, शोभा बत्रा, वीना तनेजा, हर्ष कौर, गरिमा चानना ने रास्ते में सेवा की।



**भिवानी।** खिलाड़ियों का परिचय लेकर प्रतियोगिता शुरू करवाते हुए।

## सांसद खेल महोत्सव ने दी युवाओं को नई दिशा: सांसद

- सांसद ने की बागनवाला व कलिंगा में खेल सामान के लिए पांच-पांच लाख रुपए की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में आयोजित हुए सांसद खेल महोत्सव ने युवाओं को एक नई दिशा देने का काम किया है। सांसद खेल महोत्सव युवाओं का भविष्य गढ़ने का माध्यम बना है। सांसद ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होती है, जो अपने परिश्रम, प्रतिभा और संकल्प के बल पर देश को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के स्वप्न को साकार करने की क्षमता रखती है।

सांसद धर्मबीर सिंह वीरवार को भीम स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव के विधिवत रूप से आयोजित समापन समारोह में अपना संदेश दे रहे थे। सांसद ने गांव बागनवाला व कलिंगा को खेल सामान के लिए पांच-पांच लाख की राशि दिए जाने की घोषणा की। सांसद ने पूर्व पीएम स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मोदी का लाइव संबोधन सुनाया गया।

#### सम्मानित किया

मुख्य अतिथि सांसद धर्मबीर सिंह को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह पर कबड्डी नेशनल के मुकाबले हुए। लड़कियों के मुकाबले में बागनवाला की टीम प्रथम और कलिंगा की टीम दूसरे स्थान पर रही। लडकों के मुकाबले में बापौड़ा की टीम प्रथम और भीम स्टेडियम भिवानी की टीम दूसरे स्थान पर रही। मौके पर जिला प्रधान वीरेंद्र कौशिक, महासचिव रमेश पचेरवाल, सांसद खेल महोत्सव इवेंट कॉर्डिनेटर सुधीर चांदवास व पंकज कौशिक, जिला खेल अधिकारी विद्यानन्द यादव, दादरी से जिला खेल अधिकारी विष्णु भगवान शर्मा, अटेली से अशोक चेयरमैन, पूर्व खेल उप-निदेशक छाजूराम गोयत, पूर्व क्षेत्रीय निदेशक जयवीर शर्मा, पूर्व जिला खेल अधिकारी जयसिंह कालीरामण, रविन्द्र बापौडा, बलवान आर्य, महेंद्र कैरू, रामकिशन हालुवास, सरपंच वीरेंद्र बागनवाला, रिवासा सरपंच वीरेंद्र सिंह, पूर्व सरपंच रामफल, पूर्व सरपंच राजा, सुनील सुरा, अशवनी कुमार आदि उपस्थित रहे।

## महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस मनाया



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जाट धरमशाला भिवानी के अंदर महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस मनाया गया और सर्व जातिय जाटू खाप एवं महम चौबीसी खाप एवं अन्य संगठनों ने महाराजा सूरजमल को बलिदान दिवस पर पुष्प अर्पित किए और महाराजा सूरजमल की फोटो के साथ गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों के फोटो सहित आए हुए मेहमानों को फोटो वितरित की गई। मौके पर उपस्थित कैप्टन भीम सिंह प्रधान सर्व जातिय जाटू खाप 84 एवम महम चौबीसी के प्रधान सुभाष नंबरदार, जाट धर्मशाला के प्रधान दिलबाग सिंह सांगवान एवं राजपूत समाज के प्रधान युवा भाई भाई दीपा, मनोज तवर, रिटायर्ड प्रिंसिपल राजेंद्र सिंह जांगड़ा, सभी ने मिलकर इस प्रोग्राम को जाट धर्मशाला भिवानी में हर्षोल्लास के साथ मनाया। युवा पीढ़ी को नशे से दूर करने वाले सभी ने प्रतिज्ञा की कि नशे के खिलाफ मुहिम चलाकर युवा पीढ़ी को नशे से मुक्त करवाना है। मौके पर उपस्थित कमल प्रधान, मास्टर राज सिंह, होशियार सिंह लेबर कमिश्नर, गंगाराम प्रधान, ईश्वर गांधी पूर्व जिला परिषद, राम जांगड़ा समाज के प्रधान अजीत सिंह रिटायर्ड ईटीओ, बलबीर सिंह बजाड, अनूप राठी, बलवान प्रधान, भूपेंद्र सिंह खेड़ी सनसनीवाल सरपंच, युवा नेता कमल प्रधान भिवानी, सूरज सिंह फूड सप्लाईइंस्पेक्टर, मास्टर रामफल राठी, धर्मवीर सिंह नेहरा जनरल सेक्रेटरी जाट धर्मशाला राकेश नेहरा नेहरा का प्रधान सुरेंद्र ठेकेदार भिवानी मास्टर विकास सीसर के के वर्मा साहब, मातृशक्ति शकुंतला प्रधान, बबीता प्रधान, विमला प्रधान, ममता प्रधान धनाना इत्यादि मातृशक्ति इंदर सिंह रिटायर्ड एसडीएम, मनदीप सरपंच आशीष बेनीवाल, समाजसेवी आजाद इंस्पेक्टर, समाजसेवी दलवीर ढांडा, बलवान सरपंच, सतबीर सरपंच, राजबाला एडवोकेट आठ गमा के प्रधान परमानंद घासौ ला, कृष्ण जाखड़ खुशी राम सुंदर फौजी मास्टर, अजीत, प्रेम सन सनवाल, रामकिशन बडेसरा, संजय पानू मैनेजर, अनिल बागनवाला प्रधान, रामचंद्र शर्मा, विकास शर्मा, संदीप गर्ग, बिट्टू चावला।

#### इन्होंने की शुरुआत

इस प्रोग्राम को चलाने में एवं कार्यक्रम को पूरा करने में दलबीर मान, समाजसेवी कमल प्रधान, समाजसेवी डॉ राजेश सिंह सनसनीवाल एवं अजीत चौधरी घनघस संयुक्त रूप से चारों युवा साथियों ने इस कार्यक्रम की करने की शुरुआत की।

## तीसरी से पांचवीं व छठी से आठवीं में आरईडी छुछकवास शाखा प्रथम



**चरखी दादरी।** आरईडी स्कूल चरखी में कक्षा तीसरी से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए उत्साह और ऊर्जा से परिपूर्ण अंतरशाखीय क्लब गतिविधियों का आयोजन किया, जिसमें आरईडी विद्यालय की तीनों शाखाओं के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्लब प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में विभिन्न शैक्षणिक व प्रायोगिक कौशलों विकास करना था। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में महान शिक्षाविद्ध व आरईडी शिक्षण संस्थान के निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत, सह-निदेशक शैलेंद्र सिंह अहलावत, प्रबंधन समिति के सदस्य प्रोमिला अहलावत व बिजेंद्र अहलावत, छुछकवास शाखा के प्राचार्य सुनील कादयान, मीना साहू व झज्जर शाखा से पूजा मिल ने शिरकत की। ये गतिविधियां लिटरेरी, साइंटिफिक, सोशल एंड एनवायरमेंट, सामाजिक कार्य और संगीत व कला क्लबों ने आयोजित की, जिनमें हिंदी और अंग्रेजी की व्याकरण प्रश्नोत्तरी,सामाजिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी,गणित व विज्ञान प्रश्नोत्तरी,कंप्यूटर आधारित प्रश्नोत्तरी, स्पेल बी, डांस और पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। सभी प्रकार की प्रतियोगिताओं में सभी शाखाओं के प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षावार तीसरी से पांचवीं कक्षा में छुछकवास शाखा प्रथम, झज्जर शाखा द्वितीय व दादरी शाखा तृतीय स्थान पर रही। कक्षा छठी से आठवीं में छुछकवास शाखा प्रथम, दादरी शाखा द्वितीय व झज्जर शाखा तृतीय स्थान पर रही। निदेशक ने विजेताओं को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र दिया।

### भिवानी में एनएसयूआई ने केंद्रीय मंत्री की सदबुद्धि के लिए किया यज्ञ

## अरावली के अस्तित्व पर संकट, एनएसयूआई ने सरकार के खिलाफ फूंका बिगुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** सदबुद्धि आने को लेकर आयोजित हवन में आहुति डालते हुए।

अरावली पहाड़ियों में खनन पाबंदियों को हटाने के सरकार के संभावित कदम ने प्रदेश के सियासी और पर्यावरण गलियारों में हलचल तेज कर दी है। वीरवार को स्थानीय जगत कॉलोनी स्थित कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल के निवास पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने एक अनूठा विरोध प्रदर्शन किया। संगठन ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के लिए सदबुद्धि यज्ञ का आयोजन कर सरकार को चेताया कि अरावली के साथ छेड़छाड़ भविष्य की पीढ़ियों के लिए घातक सिद्ध होगी। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश यादव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की तस्वीर हवन कुंड के समीप रखी गई। पंडितों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के बीच कार्यकर्ताओं ने आहुति देते हुए कामना की कि केंद्रीय मंत्री को पर्यावरण के महत्व की सदबुद्धि आए। संगठन का तर्क है कि पर्यावरण मंत्री होने के नाते भूपेंद्र यादव की प्राथमिक जिम्मेदारी प्रकृति का संरक्षण करना है।

#### यह रहे मौजूद

प्रदेश अध्यक्ष अविनाश यादव, नेशनल कोर्डिनेटर लक्ष्यजीत सिंह और जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान ने सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों से खनन की पाबंदी हटाना पर्यावरण के लिए आत्मघाती कदम होगा। इस अवसर पर इस अवसर पर एनएसयूआई प्रदेश सचिव विकास परमार व निखिल, उमेश भारद्वाज, रविंद्र धनाना, रविंद्र कुमार, डा. फूल सिंहध, बलबीर सरोहा रिटायर्ड जीएम, नरेश सरोहा, सन्नी लाठर, विकास परमार, दीपक देशवाल, साहिल ठाकुर, सोनू शर्मा, नितिश काकजल, निखिल लांग्यान, नरेंद्र परमार, दीपक गुलिया, साहिल वालिया, हर्षु गुलिया, प्रवीण बूरा, रवि, रविदास, धीरज, पूजा, मोनिका, प्रियंका भी मौजूद रहे।

## अनारा देवी स्कूल में मनाया तुलसी पूजन दिवस



**भिवानी।** भारतीय संस्कृति और परंपराओं को सहेजने के उद्देश्य से वीरवार को श्रीमती अनारा देवी अग्रवाल स्कूल में तुलसी पूजन दिवस मनाया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मिलकर पवित्र तुलसी के पौधे की पूजा-अर्चना की और इसके आध्यात्मिक व वैज्ञानिक महत्व को समझा। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों द्वारा तुलसी चालीसा का पाठ किया। इस मौके पर श्रीअग्रवाल सभा के प्रधान सुनील सर्राफ पहुंचे तथा तुलसी पूजन दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रधान सर्राफ ने तुलसी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तुलसी हमारे आंगन की वह धरोहर है, जिसे भारतीय संस्कृति में मां का दर्जा दिया गया है। आज के आधुनिक युग में जहां हम अपनी जड़ों से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे में तुलसी पूजन जैसे आयोजन हमें अपनी सभ्यता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हैं। तुलसी का पौधा ना केवल धार्मिक दृष्टि से पूजनीय है। इस अवसर पर प्राचार्या रीतू खेमका, श्वेता सर्राफ, आशा सर्राफ, संतोष कागजी, कृष्णा गुप्ता, मोनिका आदि मौजूद रहे।

## विकास के मामले में नंबर वन पर होगा लोकसभा क्षेत्र: धर्मबीर

- कांग्रेस की छोटी सोच का विवाद बना जीराम जी बिल केन्द्र सरकार की नीतियों से छोटे उद्योगों को लाभ मिला : धर्मबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं से हर वर्ग आत्मनिर्भरता की और बढ़ रहा है और इससे ग्रामीण क्षेत्र में नई विकास योजनाओं को बढ़ावा मिल रहा है। ग्रामीण विकास के मामले में भिवानी-महेन्द्रगढ लोकसभा क्षेत्र के गांव अव्वल स्थान पर होंगे।

यह बात उन्होंने गांव कादमा में सीसी प्रोड1ट कंपनी का उद्घाटन करने के बाद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मनरेगा के नाम से वी बी जीराम बिल से जो नया कानून बना है उसमें ग्रामीण श्रमिकों, किसानों को नया लाभ मिलने का रास्ता तैयार हुआ है। कांग्रेस द्वारा तैयार कानून की पच्चास फिसदी राशी खर्च ही नहीं हो पाती थी लेकिन अब हर माह निर्धारित राशी से विकास व रोजगार को नया मार्ग मिलेगा।

#### यह रहे मौजूद

सांसद ने कहा कि केन्द्र सरकार ने प्रदेश में सबसे अधिक सडकमार्गों का पैसा भिवानी महेन्द्रगढ लोकसभा क्षेत्र को दिया है जो अपने आप में रिकार्ड है। कांग्रेस शासनकाल में देश के सोने तक को गिरवी रखना पड़ा। मोदी सरकार ने भिवानी लोकसभा क्षेत्र के तीन जिलों को सीधा चंडीगढ जोडवे व दादरी, भिवानी, नारनौल को दिल्ली जयपूर से दूरी कम करने के लिए अरबों रुपये की राशि जारी की है। उनके अलावा दी केन्द्रिय सहकारी बैंक चेयरमैन सुधीर चांदवास, भाजपा जिलाध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ौदी, पंचायत समिति चेयरमैन आनंद फौजी, मुन्नालाल कादमा, रणबीर कादमा, नरेश पूनिया, रामकुमार नंबरदार, भाजपा मंडल अध्यक्ष शमशेर पंचगावां, मुनीश बडेसरा, सरपंच महेश फौजी, विकास कादमा, सीताराम शर्मा, कोच रविंद्र भांडवा, कर्मबीर आदि मौजूद रहे।

### कंप्यूटर ऑपरेटरों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

कंप्यूटर ऑपरेटरों को प्रति माह दिया जाता है 6 हजार वेतन, आर्थिक स्थिति हुई दयनीय : सुबोध

## अल्प मानदेय और अनिश्चितता के खिलाफ भिवानी में हुंकार

- मांगों को माने जाने के बार-बार मिले आश्वासन, नहीं हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

हरियाणा पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर संघ (संबद्ध भारतीय मजदूर संघ) ने अपनी लंबित मांगों और दयनीय आर्थिक स्थिति को लेकर स्थानीय जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाई। इस प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री संदीप बागनवाला ने किया। प्रदर्शन में जिला प्रधान सुबोध नंदगांव, जिला मंत्री दिनेश लोहारू और जिला सहसचिव रोहित सिवानी सहित भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों का गुस्सा सरकार के ढुलमुल रवैये पर फूट पड़ा। जिला प्रधान सुबोध नंदगांव ने बताया कि कंप्यूटर ऑपरेटरों को मात्र 6000 रुपये प्रति माह वेतन दिया जा रहा है। आज की महंगाई के दौर में इतनी कम राशि से परिवार का गुजर-बसर करना असंभव हो गया है, जिससे कर्मचारियों के घरों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन्हे बार-बार आश्वासन दिए, लेकिन धरातल पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया।

**आक्रोश** तबादला नीति रद्द कर मानी हुई मांगों को लागू करे परिवहन विभाग : नरेंद्र

आठवें वेतन आयोग का गठन कर वेतन विसंगति दूर करे सरकार: कृष्ण

## चरखी दादरी डिपो में रोडवेज कर्मियों ने नौ से चार बजे तक की भूख हड़ताल, जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** तबादला नीति रद करवाने व आठवें वेतन आयोग गठन को लेकर नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर चरखी दादरी डिपो में नौ बजे से चार बजे तक भूख हड़ताल की गई, जिसकी अध्यक्षता डिपो प्रधान सुनील फौजी ने की तथा संचालन डिपो सचिव योगेश जांगड़ा ने किया। भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद, राज्य सचिव कृष्ण ऊण, भिवानी डिपो के प्रधान अनिल सांगवान, सचिव अनिल नागर, एसकेएस चरखी दादरी जिला प्रधान यशपाल सांगवान व जगफूल फौगाट ने संबोधित किया। यूनियन की मीटिंग में आठवें वेतन आयोग का गठन व समान काम समान वेतन, पुरानी पेंशन बहाली रेगुलराइजेशन और खाली पदों पर भर्ती व निजीकरण पर रोक लगाने की मांग उठाई गई।

#### यह रहे मौजूद

यूनियन के डिपो प्रधान सुनील फोजी ने बताया सरकार व परिवहन विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत में विभाग के कर्मचारियों की बनाई तबादला नीति खामियों पर आपत्ति जताते हुए यूनियन तबादला नीति रद करने की मांग कर चुकी है। इसके बाद भी सरकार पॉलिसी लागू करना चाहती है तो रोडवेज कर्मचारी आंदोलन करने पर मजबूर होंगे और ऑनलाइन तबादला नीति का डटकर विरोध करेंगे। राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद ने बताया 22 मई 2025 को महानिदेशक के साथ हुई बातचीत में जिन मांगों पर सहमति बनी थी, उनमें चालकों, लिपकों व परिचालकों का पे ग्रेड बढ़ाने, चालक व परिचालकों को एक माह में 30 रात्रि ठहराव के भुगतान की पावर महाप्रबंधको को देने, चालकों की पदोन्नति के लिए 194 पोस्ट अड्डा इंचार्ज बनाने, कर्मशाला में ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कैडर से बाहर करने, निजीकरण बंद कर विभाग में 10 हजार बसें शामिल करने, चालकों का वेतनमान 53100 परिचालकों व लिपिको का वेतनमान 35400 लागू करने की मांग की। मौके पर सर्व कर्मचारी संघ जिला सचिव मास्टर रामपाल, जिला वरिष्ठ उपप्रधान सतवीर सरोहा, रसीद कादमा, सुखवेन्द्र बडराई, उदयभान, मनोज मंदोला, विरेन्द्र सिंह, अनील, जयकुमार, धर्मेंद्र बलाली आदि शामिल हुए।